an>

Title: Need to check water-logging under railway bridges in Banda and Chitrakoot districts of Bundelkhand region.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) ः मेरे संसदीय क्षेत्र के बांदा एवं चित्रकूट सहित पूरे बुंदेलखण्ड क्षेत्र में झाँसी, मानिकपुर रेल लाइनों के बीच नीचे बने अण्डर ब्रिजों पर पानी बरसात में भर गया है। इससे आवागमन ठप्प हो गया है। पूर्व में भी इस पानी भरने की समस्या की ओर ध्यान दिलाया गया था, लेकिन रेल विभाग द्वारा कोई व्यवस्था नहीं की गई। जिससे इस प्रथम बरसात में ही गंभीर जल भराव से हालात विषम हो गये हैं।

कृपया अतिशीघ्र वहां से जल निकासी की समुचित स्थाई व्यवस्था कराने व उन पर छापा आदि बनाने हेतु निर्देश देने की कृपा करें, जिससे पुनः उनमें जल भराव न हो सके।